राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
(भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
National Academy of Ayurveda
An Autonomous organization under Ministry of AYUSH,
Govt. of India

25वाँ वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report

2015-16

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
(भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
National Academy of Ayurveda
An Autonomous organization under Ministry of AYUSH,
Govt. of India

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
National Academy of Ayurveda

25 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2015-16

(भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
(An autonomous organization under Ministry of AYUSH, Govt. of India)

धन्वन्तरि भवन, मार्ग संख्या 66, पंजाबी बाग (पश्चिम), नई दिल्ली – 110026
Dhanwantari Bhawan, Road No. 66, Punjabi Bagh (West), New Delhi - 110026

विषय–सूची

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्राक्कथन	Iii
1.	**प्रस्तावना**	1
2.	**विद्यापीठ के उद्देश्य**	
3.	**समितियां**	
	(i) शासी निकाय	2–4
	(ii) स्थायी वित्त समिति	5
4.	**विद्यापीठ के कार्य**	
	(i) गुरु शिष्य परम्परा	6–12
	(ii) दीक्षान्त समारोह	12
	(iii) रत्नसदस्यता पुरस्कार	12
	(iv) सम्मेलन/संगोष्ठी	12
	(v) सम्भाषा कार्यशाला	13
	(vi) संहिताओं पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम	14
	(vii) शोध पद्धतियों, पांडुलिपि लेखन एवं आजीविका के अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।	14
	(viii) प्रकाशन	15
5.	**तकनीकी रिपोर्ट** (वर्ष 2015–16 के क्रियाकलाप)	
	(i) बैठकें	15–18
	(ii) गुरु शिष्य परम्परा पाठ्यक्रम	19–25
	(iii) दीक्षान्त समारोह	25–27
	(iv) वार्षिक संगोष्ठी	27–28
	(v) सम्भाषा कार्यशालाएं	28
	(vi) संहिताओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	29
	(vii) शोध पद्धतियों, पांडुलिपि लेखन एवं आजीविका के अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।	29–30

	(viii) प्रकाशन/पुस्तकों की बिक्री	30
	(ix) अन्य क्रियाकलाप	31–32
6.	**बजट और खर्च**	33
7.	**पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन**	34
8.	**लेखे**	
	(i) 31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए तुलनपत्र	38
	(ii) 31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखे	39
	(iii) 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र की अनुसूचियाँ	40–53
	(iv) 31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्तियों एवं भुगतान के लेखे	54–55
	(v) अंशदायी भविष्य निधि के 31 मार्च 2016 तक की प्राप्तियां एवं भुगतान, आय एंव व्यय लेखे तथा तुलनपत्र	56–57
	(vi) महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ	58
	(vii) आकस्मिक देयताएं और लेखाओं के संबंध में टिप्पणियाँ	59–60

प्राक्कथन

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ (आर.ए.वी.), भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त शासी संगठन है, जिसे शिक्षा की प्राचीन गुरुकुल पद्धति के माध्यम से आयुर्वेद के परम्परागत कर्माभ्यास और ग्रन्थों (मूलपाठ) के ज्ञान को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से वर्ष 1988 में बनाया गया था। यहां लक्षित शिक्षार्थी आयुर्वेद के ऐसे नए स्नातक और स्नातकोत्तर होते हैं, जो परम्परागत आयुर्वेदिक कर्माभ्यास और सिद्धान्तों में स्वयं को अधिक दक्ष बनाने में रुचि रखते हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का सदस्य पाठ्यक्रम (एम.आर.ए.वी.) एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.) दो ऐसे पाठ्यक्रम हैं, जिन्हें राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा आयुर्वेदिक शिष्यों को परम्परागत कर्माभ्यास एवं ग्रन्थ संबंधी ज्ञान में और अधिक निपुण बनाने का उद्देश्य पूरा करने के लिए प्रारम्भ किया गया है। अब तक लगभग 680 एवं 71 शिष्यों ने क्रमशः रा.आ.वि. का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.) और रा.आ.वि. का सदस्य पाठ्यक्रम (एम.आर.ए.वी.) पूर्ण कर लिया है। वर्ष 2014–15 में लगभग 108 प्रशिक्षणार्थियों ने सी.आर.ए.वी. प्रशिक्षण को पूर्ण किया तथा सी.आर.ए.वी. प्रमाण पत्र के लिये अर्हता प्राप्त की। वर्ष 2015–16 में लगभग 113 शिष्यों को रा.आ.वि. का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.) के लिए नामावली में लिया गया है और वे पूरे देश में राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा सूचीबद्ध विद्वानों के मार्गदर्शन में आयुर्वेद के विभिन्न विषयों में कर्माभ्यास का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि रोगी की जांच एवं तत्पश्चात् उपचार की प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धतियों का कम उपयोग किया जा रहा है, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ ने इस अन्तराल को महसूस करने के बाद परम्परागत नैदानिक पद्धतियों से रोगों का आयुर्वेदिक उपचार करने की कला में शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरु किया है। इस कार्यक्रम में उन युवा संकायों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जो चिकित्सा विषयों से संबंध रखते हैं ताकि वे अपने चिकित्सा कर्माभ्यास में प्रयोग करने के लिए ऐसी प्रणालियों में दक्ष हो जाएं। अभी तक देश में विभिन्न स्थानों पर ऐसे 12 नैदानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। वर्ष 2015–16 में ऐसे तीन कार्यक्रम क्रमशः बैंगलोर, वाराणसी एवं जयपुर में आयोजित किये गए हैं। अभी तक लगभग 360 शिक्षकों ने इन कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

आयुर्वेद के स्नातकोत्तर छात्रों को अनुसंधान एवं इसके प्रकाशन की संस्कृति अच्छी तरह समझाने के लिए वर्ष 2015–16 में एक नया कार्यक्रम बनाकर उसे कार्यान्वित किया गया। यह तीन दिन का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम था, जो आयुर्वेद के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए 'शोध पद्धतियों, पांडुलिपि लेखन एवं आजीविका के अवसर' पर केन्द्रित था। वर्ष 2015–16 में ऐसे तीन कार्यक्रम क्रमशः लखनऊ, पुणे एवं कोलकाता में आयोजित किए गए थे। इन कार्यक्रमों की काफी प्रशंसा हुई और इन तीन कार्यक्रमों में लगभग 120 स्नातकोत्तर छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, प्रतिवर्ष आयुर्वेद के कुछ समसामयिक मुद्दों पर राष्ट्रीय स्तर के द्विदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन करता है। इस वर्ष यह संगोष्ठी 'बस्ति कर्म–स्वास्थ्य एवं रोग में निहितार्थ' पर आयोजित की गई थी। इस संगोष्ठी में आयुर्वेद के कई प्रख्यात विद्वानों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयुर्वेद के प्रतिष्ठित विद्वानों ने विविध विषयों पर महत्वपूर्ण भाषण दिए और आयुर्वेद के अनुसंधानकर्ताओं ने अनुसंधान–पत्र प्रस्तुत किए। इस संगोष्ठी में लगभग 29 अनुसंधान पत्र प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर सभी 29 पूर्ण लेखों वाली एक स्मारिका भी जारी की गई।

आयुर्वेद के गुरुजनों एवं शिष्यों के बीच संभाषा कार्यशाला आयोजित करना भी रा0आ0वि0 का एक नियमित कार्यकलाप है। इस क्रम को जारी रखते हुए इस वर्ष वात का 'अवरितत्व एवं गतत्व' पर 24वीं सम्भाषा कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 19 से अधिक विशेषज्ञों एवं लगभग 55 सहभागियों ने भाग लिया। गुरुजनों एवं शिष्यों के बीच हुई सम्भाषा को एक स्मारिका के रूप में भी प्रकाशित किया गया।

रा.आ.वि. ने इस वर्ष डॉ0 संजीव रस्तोगी और प्रो0 वी. वी. प्रसाद द्वारा सम्पादित 'आयुर्वेद में प्रयुक्त औषधीय पौधे' के द्वितीय संस्करण का भी विमोचन किया। यह आयुर्वेद के सभी उच्चाकांक्षियों के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

रा.आ.वि., सतत् चिकित्सा शिक्षा (सी.एम.ई.) के लिए केन्द्रीय क्षेत्र योजना हेतु प्रधान संस्था (नोडल एजेंसी) के रूप में भी कार्य करता है। सी.एम.ई. के प्रस्तावों की समीक्षा के बाद वर्ष 2015–16 के दौरान कुल 29 सी.एम.ई को मूर्त रूप दिया जा सका है। सी.एम.ई. योजना के अन्तर्गत पहली बार चिकित्सालय प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि बेहतर चिकित्सालय प्रबंधन के लिए आयुष चिकित्सालय प्रशासकों को सशक्त बनाया जा सके।

रा.आ.वि. आयुर्वेद प्रशिक्षण देने के अपने विभिन्न क्रियाकलापों को सुदृढ़ बनाने के लिए कई नए तंत्र भी विकसित कर रहा है। यह मौजूदा प्रणाली में लगातार अन्तराल ढूँढ रहा है और इन अन्तरालों को भरने के तरीके ढूँढ रहा है। विविध प्रतिपुष्टियों एवं तंत्रों के मध्यावधि मूल्यांकन के जरिए रा0आ0वि0 के कार्यकलापों की नियमित निगरानी भी की जा रही है। रा0आ0वि0 अपने क्षेत्र में विशिष्ट बनने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। यह आयुर्वेद कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्टता के समर्पित केन्द्र के रूप में उभरने के लिए प्रयत्नशील है। रा0आ0वि0 इस दिशा में कई नई पहलें कर रहा है। जिनके भविष्य में फलीभूत होने की आशा है। विद्यापीठ के क्रिया–कलापों एवं उपलब्धियों पर **वर्ष 2015–16** का वार्षिक प्रतिवेदन, इसकी लेखापरीक्षा संबंधी प्रतिवेदन सहित प्रस्तुत किया जा रहा है।

(डॉ0 संजीव रस्तोगी)
निदेशक

प्रस्तावना :

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। यह भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्त–पोषित है। इसका पंजीकरण सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अन्तर्गत रजिस्ट्रार, सोसाइटी, दिल्ली प्रशासन में 11 फरवरी, 1988 को हुआ है। इसने वर्ष 1991 से धन्वन्तरि भवन, मार्ग संख्या–66, पंजाबी बाग (पश्चिम), नई दिल्ली–110 026 में कार्य करना प्रारम्भ किया ।

इस विद्यापीठ की स्थापना प्रख्यात आयुर्वेदिक विद्वानों एवं कर्माभ्यासियों के आयुर्वेदिक ज्ञान को संरक्षित रखने और उसे शिक्षा एवं ज्ञान अन्तरण की भारतीय परम्परागत गुरु शिष्य प्रणाली के जरिए युवा पीढ़ी को अन्तरित करने के मुख्य उद्देश्य से की गई थी। इसका प्रमुख उद्देश्य आयुर्वेदिक प्राचीन ग्रन्थों एवं चिकित्सालयी (नैदानिक) कर्माभ्यासों में नई पीढ़ी के आयुर्वेदिक विद्वानों को कुशल बनाना है।

2. विद्यापीठ के उद्देश्य :

1. आयुर्वेद के ज्ञान को बढ़ाना।
2. आयुर्वेद के विभिन्न विषयों में निरन्तर शिक्षा के लिए योजनाएं बनाना तथा इस प्रयोजन से परीक्षाएं आयोजित करना।
3. सफल अभ्यर्थियों को यथोचित मान्यता प्रदान करना।
4. आयुर्वेद के विभिन्न विषयों में योग्यता को मान्यता प्रदान करना एवं बढ़ावा देना।
5. आयुर्वेद में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के शैक्षणिक कार्य करना।
6. आयुर्वेद के विभिन्न विषयों में कार्यशालाएं एवं संगोष्ठियां आयोजित करना।
7. आयुर्वेदिक शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए व्यावसायिक संस्थाओं, समितियों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के साथ सम्पर्क बनाए रखना।
8. आयुर्वेद का संवर्धन करना और आयुर्वेद में निरन्तर शिक्षा के कार्यान्वयन के लिए निधियां एवं धर्मदाय प्राप्त करना और उनका प्रबन्ध करना ।
9. आयुर्वेदिक शिक्षा की नई प्रणालियों पर परीक्षण करना, ताकि शिक्षा के सन्तोषजनक स्तर पर पहुँचा जा सके ।
10. विद्यापीठ के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आचार्य पद, अन्य संकाय के स्तर की रत्नसदस्यताएं (फेलोशिप), अनुसंधान संवर्ग पद एवं छात्रवृत्ति आदि प्रारम्भ करना, इत्यादि।

3. समितियां :

3.1 शासी निकाय

संस्था के बर्हिनियम व भारत सरकार के आदेशानुसार, विद्यापीठ के कार्यों का प्रबन्धन इसके शासी निकाय द्वारा किया जाता है, जिसमें अध्यक्ष सहित 16 सदस्य होते हैं। भारत सरकार द्वारा शासी निकाय का पुनर्गठन पाँच (5) वर्षों के लिए 20 दिसम्बर, 2013 को निम्नानुसार किया गया था :–

शासी निकाय के अध्यक्ष

1. **'पद्म भूषण' वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा,**
30, सुखदेव विहार,
नई दिल्ली–110 025

भारत सरकार द्वारा नामित व्यक्ति (पदेन सदस्य)

2. **अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार,**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन,
नई दिल्ली–110 011

3. **संयुक्त सचिव,**
आयुष मंत्रालय,
आयुष भवन,
'बी' ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लैक्स,
आई. एन. ए.,
नई दिल्ली–110 023

4. **सलाहकार (आयुर्वेद),**
आयुष मंत्रालय,
आयुष भवन,
'बी' ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लैक्स,
आई. एन. ए.,
नई दिल्ली–110 023

5. **कुलपति,**
गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय,
प्रशासनिक भवन,
जामनगर–361 008 (गुजरात)

भारत सरकार द्वारा नामित विशेषज्ञ

6. **डॉ. विजय विश्वनाथ डोईफोडे,**
6, राजश्री अपार्टमेंट्स,
नीलगिरि लेन,
बनेर रोड़,
पुणे –411 007 (महाराष्ट्र)

7. **प्रो0 ए. शंकर बाबू,**
6–7–621, श्रीपुरम कॉलोनी,
के.टी. रोड,
तिरुपति, जिला–चित्तौर
पिन–517 501 (आन्ध्र प्रदेश)

8. **डॉ0 (श्रीमती) एच. आर. विजया शेषाद्रि,**
प्लॉट संख्या–1, मातृश्री,
रामनगर उत्तरी, मदिपक्कम,
चेन्नई –600 091 (तमिलनाडु)

9. **प्रो0 (डॉ0) बल्लव कुमार जयसिंह,**
सर्वोदय नगर,
राज पैलेस के पास,
पुरी–752 002 (उड़ीसा)

10. **डॉ0 निरंजन सिंह त्यागी,**
स्वर्ग आश्रम रोड,
हापुड़–245 101 (उ0प्र0)

अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन (ए.आई.ए.सी.) द्वारा मनोनीत सदस्य

11. **वैद्य शिव कुमार मिश्रा,**
पूर्व सलाहकार (आयुर्वेद) भारत सरकार,
ए–604, टावर अपार्टमैन्ट्स,
स्वास्थ्य विहार,
दिल्ली–110 092

12. **वैद्या (श्रीमती) शशिकला भगवान अहिरे,**
ए.एस.एम.–43, अभिषेक बंगला,
अश्विन नगर, एस.आई.डी.सी.ओ.,
जिला–नासिक –422 009 (महाराष्ट्र)

13. **डॉ0 संजीव गोयल,**
88/सेक्टर–28 ए.,
चंडीगढ़–160 002

रा0आ0वि0 के रत्न–सदस्यों (फेलो) में से एक सदस्य

14. **डॉ0 उमा शंकर निगम,**
2703, महाराजा टावर,
फिल्मसिटी रोड, गोरेगॉव ईस्ट,
मुम्बई –400 063 (महाराष्ट्र)

रा0आ0वि0 के पूर्व शिष्यों में से एक सदस्य

15. **डॉ0 संजय आर. तलमले,**
सहायक प्रोफेसर, द्रव्यगुण विभाग,
राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,
रघुजी नगर,
नागपुर (महाराष्ट्र)

सदस्य सचिव

16. **निदेशक, रा0आ0वि0**

दो सदस्यों के त्यागपत्र दिये जाने के कारण शासी निकाय में पद रिक्त हो गए थे। अतः इन रिक्त पदों को भरने के लिए दो नये सदस्य नामतः डॉ. निरंजन सिंह त्यागी (भारत सरकार द्वारा नामित) और डॉ. संजीव गोयल (अ.भा.आ.महा. द्वारा नामित) ने 12 अगस्त, 2015 को शासी निकाय में कार्यभार ग्रहण किया।

3.2. स्थायी वित्त समिति

आयुष मंत्रालय ने दिनांक 17 जनवरी, 2014 को 5 वर्ष के लिए स्थायी वित्त समिति (एस.एफ.सी.) का पुनर्गठन किया था, जिसकी कार्यावधि वर्तमान शासी निकाय के कार्यकाल के साथ ही समाप्त हो जायेगी। स्थायी वित्त समिति की संरचना निम्न प्रकार है:–

1. **संयुक्त सचिव (आयुष),** — **अध्यक्ष (पदेन सदस्य)**
आयुष मंत्रालय,
आयुष भवन,
'बी' ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लैक्स,
आई. एन. ए.,
नई दिल्ली–110 023

2. **वित्त सलाहकार द्वारा नामित एकीकृत वित्त प्रभाग (आई.एफ.डी.) का अधिकारी,** — **पदेन सदस्य**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन,
नई दिल्ली–110 011

3. **सलाहकार (आयुर्वेद), अथवा संयुक्त सलाहकार (आयुर्वेद), अथवा उप–सलाहकार,** — **पदेन सदस्य**
आयुष मंत्रालय,
आयुष भवन,
'बी' ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लैक्स,
आई. एन. ए., नई दिल्ली–110 023

4. **प्रो0 ए. शंकर बाबू,** — **सदस्य**
(विशेषज्ञों में से शासी निकाय के एक सदस्य)
6–7–621, श्रीपुरम कॉलोनी,
के.टी. रोड,
तिरुपति, जिला–चित्तौर
पिन–517 501 (आन्ध्र प्रदेश)

5. **वैद्य शिव कुमार मिश्रा,** — **सदस्य**
(अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन–
से शासी निकाय के एक सदस्य)
ए–604, टावर अपार्टमैन्ट्स,
स्वास्थ्य विहार, दिल्ली–110 092

6. **निदेशक,** **सदस्य सचिव**
राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, दिल्ली

4. विद्यापीठ के कार्य

विद्यापीठ अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए 'गुरु शिष्य परम्परा' के अधीन 'रा.आ.वि. का सदस्य' एवं 'रा.आ.वि. का प्रमाणपत्र' नामक दो प्रकार के पाठ्यक्रम चलाता है। इन पाठ्यक्रमों को चलाने के लिए यह विद्यापीठ आयुर्वेद के प्रसिद्ध विद्वानों एवं वैद्यों को गुरु के रूप में सूचीबद्ध करता है और इन पाठ्यक्रमों के लिए आयुर्वेद की औपचारिक अर्हताएं रखने वाले शिष्यों को इसके लिए चयन करता है। इसके अतिरिक्त, यह विद्यापीठ संगोष्ठी/परिसंवाद/ कार्यशालाएं आयोजित करने, साहित्य का प्रकाशन करने और आयुर्वेद के प्रसिद्ध विद्वानों को मान्यता देने/अभिनन्दन प्रदान करने का कार्य भी करता है।

4.1 गुरु शिष्य परम्परा

'गुरु शिष्य परम्परा' शिक्षा की परम्परागत आवासीय प्रणाली है, जिसमें शिष्य अपने गुरु के निवास स्थान के पास में ही रहता है और गुरु के नियमित चिकित्सकीय कार्य में उनके साथ रहकर एकैक शिक्षा प्राप्त करता है। गुरुकुल के विलुप्त होने के साथ यह प्रणाली समाप्त हो गई थी। राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ ने महसूस किया कि आयुर्वेद में ज्ञानान्तरण की यह प्रणाली अभी भी बहुत प्रभावी है। अतः यह विद्यापीठ अपने पाठ्यक्रमों के माध्यम से इस प्रणाली को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहा है।

शिक्षा प्राप्त करने के संस्थागत रूप में संहिताओं (आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों) का केवल प्रासंगिक भाग ही पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाया जा रहा है। इसके विपरीत, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के 'गुरु शिष्य परम्परा', कार्यक्रम में शिष्यों के लिए चुने गई संहिता और उसकी टीका का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने के लिए सम्पूर्ण ग्रन्थ का अध्ययन की व्यवस्था की गई है और उन्हें आयुर्वेदिक कर्माभ्यास के पारम्परिक कौशलों के बारे में भी बताया जाता है। अध्ययन की अवधि के दौरान शिष्यों को गुरुजनों से परस्पर बातचीत करने तथा रोगियों, जड़ी–बूटियों अथवा औषधि तैयार करने की विधि को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए पर्याप्त समय मिलता है।

4.1.1 पाठ्यक्रम

(क) आचार्य गुरु शिष्य परम्परा (रा.आ.वि. का द्विवर्षीय सदस्य पाठ्यक्रम) (एम.आर.ए.वी.)

यह भागीदारों को आयुर्वेदिक संहिताओं और उन पर टीकाओं का ज्ञान प्रदान करने के लिए साहित्यिक अनुसंधान पर आधारित एक शैक्षणिक कार्यक्रम है। इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य

आयुर्वेद संहिताओं में अच्छे शिक्षक, अनुसन्धानकर्ता और विशेषज्ञ तैयार करना है। शिष्य अपने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की विशेषज्ञता से सम्बन्धित संहिता का गुरु के मार्ग दर्शन में 2 वर्ष तक अध्ययन करता है। विद्यापीठ ने इस पाठ्यक्रम का प्रारम्भ वर्ष 1992 में आयुर्वेद में स्नातकोत्तर योग्यता रखने वाले वैद्यों को आयुर्वेदीय प्राचीन ग्रन्थों में विशेषज्ञ बनाने के उद्देश्य से की थी।

समुचित सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक ज्ञान रखने वाले तथा संस्कृत को अच्छी तरह समझने वाले अभ्यर्थियों को इस पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है। पाठ्यक्रम के अन्त में शिष्यों से एक शोधप्रबन्ध जमा करने की अपेक्षा की जाती है, जिसे शिष्यों का योगदान माना जाता है। यद्यपि शिष्य अपने गुरु के कुशल मार्गदर्शन में सम्पूर्ण (ग्रन्थ) का अध्ययन करता है, परन्तु वह विद्यापीठ द्वारा सम्बन्धित गुरु के साथ परामर्श करने के बाद दिए गए सुझाव के अनुसार ही निर्धारित अध्यायों/शीर्षकों पर शोधप्रबन्ध लिखता है, ताकि एक समान कार्य की पुनरावृत्ति न हो जाये।

(ख) चिकित्सक गुरु शिष्य परम्परा (रा.आ.वि. का एक वर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम)–(सी.आर.ए.वी.)

यह पाठ्यक्रम फरवरी, 1999 से प्रारम्भ किया गया था। इस पाठ्यक्रम की अवधि आयुर्वेदिक स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों के लिए एक वर्ष की है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) **या** समतुल्य उपाधि/आयुर्वेद में स्नातकोत्तर उपाधि रखने वाले अभ्यर्थियों को विख्यात कर्माभ्यासरत वैद्यों, जिन्हें चिकित्सक गुरु के रूप में सूचीबद्ध किया गया हो, के अधीन प्रशिक्षण हेतु चुना जाता है। अध्ययन अवधि के दौरान, शिष्य आयुर्वेदिक प्रणाली से संबंधित नाड़ी परीक्षा, औषध निर्माण, क्षार–सूत्र, पंचकर्म, रोगों का उपचार, नेत्र चिकित्सा, अस्थिचिकित्सा इत्यादि प्रक्रियाओं को सीखते हैं। प्रशिक्षुओं से प्रत्येक महीने उनके अध्ययन के अन्तर्गत आने वाले रोगियों का रिकार्ड तैयार करने और बाद में इन रिकार्डों को रा.आ.वि. में जमा करने की अपेक्षा की जाती है। शिष्यों द्वारा किया गया कार्य जैसे–रोगीवृत्त, मासिक अध्ययन रिपोर्ट इत्यादि की राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ में जांच की जाती है। शिष्यों को उनके गुरुजनों के माध्यम से सुधार के लिए सुझाव दिए जाते हैं।

4.1.2 गुरुजन

(क) रा.आ.वि. का सदस्य (एम.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम के गुरु :

निम्नलिखित मानदण्डों को पूरा करने वाले विद्वानों को गुरु के रूप में नियुक्त किया जाता है:

वह व्यक्ति, रा.आ.वि. का सदस्य (एम.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम के गुरु के रूप में नियुक्त होने के लिए पात्र है, जो आयुर्वेद का सेवानिवृत्त आचार्य (प्रोफेसर) हो, जिसने स्नातकोत्तर (पी.जी.) या विद्या वाचस्पति (पीएच.डी.) उपाधि ग्रहण करने के साथ अच्छा प्रकाशित मान्यता प्राप्त अनुसन्धान कार्य

किया हो और जिसे शैक्षणिक कार्य का उत्कृष्ट अनुभव हो। या जो आयुर्वेद अनुसन्धान संस्था का सेवानिवृत्त निदेशक या आयुर्वेद में विख्यात अन्य कोई व्यक्ति हो, जो राज्य, केन्द्र/स्वायत्त संगठन एवं अन्य ख्याति प्राप्त कार्यालय में विभागाध्यक्ष के पद पर हों और व्यापक ज्ञान के साथ समुचित शैक्षणिक अनुभव रखता हो अथवा आयुर्वेद में कोई विशेषज्ञता रखता हो या आयुर्वेद का प्रख्यात विद्वान हो।

गुरु को 60 वर्ष से अधिक आयु का होना चाहिए और संस्कृत एवं आयुर्वेद के प्राचीन ग्रन्थों में निपुण होना चाहिए। इसके अतिरिक्त उसके पास विशेष ज्ञान एवं दक्षता होना आवश्यक है, ताकि चयन को न्यायोचित ठहराया जा सके। द्रव्यगुण, रस–शास्त्र, भैषज्य कल्पना और अन्य क्लिनिकल विषयों में गुरु के पास प्रदर्शन के लिए बुनियादी सुविधा होनी चाहिए अथवा आस–पास ऐसी सुविधा/संस्था तक पहुँच होनी चहिए।

(ख). राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.) के लिए गुरु :

गुरुजनों के लिए पात्रता मानदण्ड (राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम)

रा.आ.वि. का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.) में गुरुजनों के चयन के लिए निम्नलिखित दो मानदण्डों को अपनाया गया है :–

1. वैयक्तिक गुरुजनों के लिए मानदण्ड।
2. संस्थागत गुरुजनों के लिए मानदण्ड।

क) वैयक्तिक गुरुजनों के लिए मानदण्ड

1. भारतीय केन्द्रीय चिकित्सा परिषद् (आई.एम.सी.सी.) अधिनियम 1970 की धारा 17 के तहत आयुर्वेद के वह चिकित्सक जो नामांकन किसी राज्य के भारतीय चिकित्सा के रजिस्टर में नामावली में हो।
2. आयु 50 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
3. मुख्यतः प्राचीन औषधियों में विशुद्ध आयुर्वेदिक औषधालयी कर्माभ्यास का न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव रखने वाले और आयुर्वेद के किसी अन्य विषय में स्वयं आयुर्वेदिक कर्माभ्यास वाले कर्माभ्यासी।
4. कर्माभ्यासी को किसी आयुर्वेदिक महाविद्यालय अथवा उनसे संबद्ध चिकित्सालयों अथवा किसी अन्य चिकित्सालय में मानार्थ आधार को छोड़कर नियमित आधार पर कार्यरत नहीं होना चाहिए।

5. रा0आ0वि0 का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.) का गुरु बनने के इच्छुक आयुर्वेदिक कर्माभ्यासी के बहिरंग विभाग (ओ.पी.डी.) में न्यूनत्तम 25 रोगी प्रतिदिन होने चाहिए।
6. शल्य चिकित्सा कर्माभ्यास के मामले में वैद्यों को कम से कम 15 बहिरंग विभाग (ओ.पी.डी.) के रोगियों को देखने के अतिरिक्त प्रतिदिन 5 शल्य क्रिया करनी भी आवश्यक है।
7. आयुर्वेद फार्मेसी के मामले में वैद्य के पास स्वयं की फार्मेसी होनी चाहिए और आयुर्वेदिक औषधियों को तैयार करने के सूत्रों का कम से कम 20 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।
8. युवा आयुर्वेदिक डॉक्टरों को प्रशिक्षित करने और उन्हें अपने व्यावहारिक ज्ञान का प्रशिक्षण देने एवं अपने कौशल एवं दक्षताओं को बिना किसी आपत्ति के बताने के इच्छुक हों।
9. इस श्रेणी के अन्तर्गत गुरुजनों को 2 शिष्य तक दिये जा सकते हैं। अगर उनके पास 10 शय्याओं और उससे अधिक की अन्तरंग विभाग (आई.पी.डी.) की सुविधा है तो उन्हें 4 शिष्य तक दिये जा सकते हैं।

ख) संस्थागत गुरुजनों (संस्थागत प्रशिक्षण केन्द्र) के लिए मानदण्ड :

1. आयुष मंत्रालय द्वारा घोषित किया गया उत्कृष्ट केन्द्र ।
2. न्यूनत्तम 50 शय्याओं और प्रतिदिन बहिरंग विभाग में 200 रोगियों वाला आयुर्वेदिक चिकित्सालय।
3. चिकित्सालय कम से कम 10 वर्ष से कार्य कर रहा हो। तथापि, जिस गुरु को प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में नामित किया गया हो, उसे न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
4. उस संस्था की विशुद्ध आयुर्वेदिक उपचार के लिए पहचान होनी चाहिए और वहाँ पर कोई एकीकृत कर्माभ्यास नहीं होना चाहिए।
5. ऐसी संस्था को 8 शिष्य तक दिये जा सकते हैं और मुख्य चिकित्सक/संस्था का चिकित्सक और/अथवा अन्य वरिष्ठ चिकित्सक शिष्यों के प्रशिक्षण प्रभारी होंगे।

(ग). सूचीबद्ध करना :

किसी भी पाठ्यक्रम के लिए गुरु का चयन शासी निकाय के अध्यक्ष या शासी निकाय द्वारा नामित विशेषज्ञों की एक जांच–समिति (सर्च कमेटी) द्वारा की जाती है। समिति द्वारा विद्वानों और वैद्यों के जीवन–वृत्तों की जांच की जाती है और उनकी क्षमता पर समुचित विचार–विमर्श करने के बाद गुरु का चयन किया जाता है और शासी निकाय से उनको सूचीबद्ध करने के लिए संस्तुति की जाती है। शासी निकाय के अनुमोदन पश्चात्, गुरुपद एवं रा. आ. वि. के नियमों के अनुपालन के लिए उनकी इच्छा जानने तथा उनके पास उपलब्ध सुविधाओं के सम्बन्ध में पता लगाने के उपरान्त, जब कभी भी रिक्त स्थान होता है तो उनके पास सूचीबद्ध करने के संबंध में पत्र भेजा जाता है। गुरुजनों का चयन पूर्णतया अस्थायी आधार पर, सामान्यतः एक पाठ्यक्रम अवधि के लिए अर्थात् रा0आ0वि0 के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के लिए एक वर्ष के लिए तथा रा0आ0वि0 के सदस्य पाठ्यक्रम

के लिए दो वर्ष के लिए होती है। शासी निकाय या शासी निकाय की अध्यक्षता वाली एक समिति द्वारा गुरुजनों के कार्य की समीक्षा की जाती है और जब कभी आवश्यक होता है तो उनकी कार्यावधि बढ़ाई जाती है। गुरु के पास कोई शिष्य नहीं होने या उनके अधीन सभी शिष्यों द्वारा अपना पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिए जाने पर, उनकी नियुक्ति पूर्ण मानी जाती है।

4.1.3 शिष्य

रा.आ.वि. का सदस्य (एम.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम एवं रा.आ.वि. का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदनपत्र आमंत्रित करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर समाचार–पत्रों में विज्ञापन दिया जाता है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के नियमानुसार, संबंधित विषय में आयुर्वेद में स्नातकोत्तर (पी.जी.) उपाधि रखने वाले 32 वर्ष से कम की आयु के अभ्यर्थी रा.आ.वि.का सदस्य (एम.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम में शिष्यों के रूप में चयनित किए जाने के योग्य हैं। रा.आ.वि. का सदस्य (एम.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा विधिवत रूप से प्रायोजित नियमित शिक्षकों को आयु सीमा में 40 वर्ष तक की छूट दी जाती है। राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रन में, आयुर्वेद में आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) अथवा समकक्ष उपाधि रखने वाले अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए पूर्वस्नातक उपाधि धारक अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष और स्नातकोत्तर उपाधिधारकों के लिए 32 वर्ष है। सरकार द्वारा विधिवत रूप से प्रायोजित स्थायी रूप से कार्यरत वैद्यों (डाक्टरों) को आयु सीमा में 35 वर्ष तक की छूट दी जाती है। अभ्यर्थियों की अर्हताएं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (सी.सी.आई.एम.) द्वारा मान्यता प्राप्त होनी आवश्यक हैं।

प्राप्त आवेदनपत्रों की जांच करने के बाद, पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु बुलाया जाता है। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित लिखित परीक्षा में, चिकित्सा विषयों पर विशेष बल देते हुए स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम की विवरणिका में दिये गए विभिन्न पहलुओं को भी शामिल किया जाता है। शिष्य के चयन में, शिष्य की चयन परीक्षा में श्रेष्ठता और विषय/गुरु की प्राथमिकता को ध्यान में रखा जाता है। रा.आ.वि. का सदस्य (एम.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम में कार्यरत शिक्षकों को तथा रा.आ. वि. का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम में चिकित्सा अधिकारियों को वरीयता दी जाती है।

चुने गए अभ्यर्थियों को इस आशय का एक बन्धपत्र (बाण्ड पेपर) जमा करना होता है कि यदि शिष्य बीच में पाठ्यक्रम छोड़ देता है या उस शिष्य को विद्यापीठ के नियमों का उल्लंघन करने पर निष्कासित किया जाता है, तो उस शिष्य को विद्यापीठ से ली गई सम्पूर्ण शिक्षावृत्ति 12 प्रतिशत ब्याज सहित विद्यापीठ को लौटानी होती है। समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद, शिष्यों को, देश के विभिन्न भागों में स्थित सम्बन्धित गुरुजनों के संरक्षण में प्रशिक्षण हेतु भेज दिया जाता है।

4.1.4 मानदेय एवं शिक्षावृत्ति

प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रत्येक महीने गुरुजनों को मानदेय व शिष्यों को शिक्षावृत्ति का भुगतान किए जाने का प्रावधान है। प्रत्येक गुरु को प्रशिक्षण देने के लिए 2 से 4 तक शिष्य दिये जाते हैं। गुरुजनों का मानदेय केवल ₹15820/–तथा समय–समय पर लागू महंगाई भत्ता एवं दो शिष्यों तक ₹5000/–रुपये है। यदि किसी गुरु के पास दो से अधिक शिष्य होते हैं तो उन्हें ₹ 2000/–प्रति शिष्य की दर से अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा। इसी प्रकार, रा.आ.वि. का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम के शिष्यों के लिए शिक्षावृत्ति केवल ₹ 15820/– एवं समय–समय पर लागू महंगाई भत्ता है। रा.आ.वि. की सदस्यता (एम.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम के लिए केवल ₹ 15820/–एवं समय–समय पर लागू महंगाई भत्ता एवं इसके अतिरिक्त ₹ 2500/– की शिक्षावृत्ति है।

4.1.5. परीक्षा

'रा.आ.वि. का सदस्य (एम.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम के लिए दो वर्ष के अन्त में शिष्यों की अन्तिम परीक्षा तीन भागों में

(क) शिष्यों द्वारा तैयार शोधप्रबन्धों का मूल्यांकन

(ख) तीन घंटे की लिखित परीक्षा

(ग) मौखिक परीक्षा के रूप में आयोजित की जाती है। शोधप्रबन्ध का मूल्यांकन अनुमोदन/अस्वीकार करने के आधार पर किया जाता है। शोधप्रबन्ध के स्वीकृत हो जाने के पश्चात् शिष्य की लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली जाती है। परीक्षा के तीनों भागों में से प्रत्येक में संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त करने पर शिष्य को 'रा.आ.वि. का सदस्य पाठ्यक्रम' का प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए उसका अध्ययन सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा की जाती है।

रा.आ.वि.का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत शिष्य अपने अध्ययन के अन्त में सीखे गए विषय की उल्लेखनीय बातों अर्थात् विशेष रोगों का उपचार, औषधियों एवं विशिष्ट प्रकरणों का सारांश देते हुए एक मोनोग्राफ तैयार करता है जो 25 पृष्ठों से अधिक नहीं होता और वह परीक्षा से एक माह पूर्व इसे विद्यापीठ को भेजता है। शिष्यों से अपनी प्रशिक्षण अवधि के दौरान देखे गए कुछ रुचिकर मामलों पर विशेष केस रिपोर्ट भेजने के लिए भी कहा जाता है। परीक्षा दो भागों में होती है (क) तीन घंटों की लिखित परीक्षा (ख) मौखिक परीक्षा। लिखित व मौखिक परीक्षा के लिए मोनोग्राफ, केस रिपोर्ट, मासिक रिकार्ड आधार बनाता है। शिष्य के प्रशिक्षण अवधि के लिए उसके गुरु से शिष्य के आन्तरिक मूल्यांकन के लिए भी कहा जाता है। लिखित व मौखिक परीक्षा में अलग–अलग संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त करने वाले सफल अभ्यर्थी को उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाता है। असफल अभ्यर्थियों को तीन माह की अवधि के लिए उनके गुरु के पास पुनः भेजा जाता है। इस अवधि के बाद उनसे पुनः परीक्षा देने की अपेक्षा की जाती है। गुरु के पास अतिरिक्त समय तक रहने के लिए कोई शिक्षावृत्ति नहीं दी जाती है।

उत्तीर्ण शिष्यों को दीक्षान्त समारोह में प्रमाणपत्र प्रदान किए जाते हैं।

4.1.6. उपलब्धियां

अभी तक रा.आ.वि. का सदस्य (एम.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम के 71 शिष्य एवं रा.आ.वि. का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम के 680 शिष्य अपना पाठ्यक्रम पूरा कर चुके हैं और उन्हें प्रमाणपत्र दिये जा चुके हैं।

4.2. दीक्षान्त समारोह :

विद्यापीठ सफल अभ्यर्थियों को यथोचित मान्यता प्रदान करने तथा आयुर्वेद के विभिन्न विषयों में योग्य व्यक्तियों को मान्यता प्रदान करने एवं प्रोत्साहन देने जैसे अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उत्तीर्ण शिष्यों को प्रमाणपत्र प्रदान करने और विख्यात विद्वानों एवं वैद्यों को आयुर्वेद की प्रगति हेतु उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ की रत्नसदस्यता से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष दीक्षान्त समारोह का आयोजन करता है।

4.3. रत्नसदस्यता सम्मान (फेलोशिप) :

विद्यापीठ अपने उद्देश्यों में से एक उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए आयुर्वेद के विख्यात विद्वानों और विभिन्न पारम्परिक आयुर्वेदिक कर्माभ्यासियों को उनकी विद्वत विशेषज्ञता और शिक्षा, अनुसन्धान, रोगी की देखभाल और/अथवा साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें रत्नसदस्यता (फेलोशिप) प्रदान करता है। यह एक मानद मान्यता है, जिसमें प्रत्येक रत्नसदस्य का राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के दीक्षान्त समारोह में एक प्रशस्तिपत्र द्वारा अभिनन्दन किया जाता है और एक शॉल व एक कलश/स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है। प्रत्येक वर्ष शासी निकाय द्वारा विद्वानों के जीवनवृत्तों के आधार पर इन रत्नसदस्यताओं का निर्धारण किया जाता है। अभी तक 294 विद्वानों को राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ की रत्नसदस्यता प्रदान की जा चुकी है।

4.4. राष्ट्रीय सम्मेलन/संगोष्ठी :

विद्यापीठ प्रत्येक वर्ष एक ऐसे रोग के विषय पर एक सम्मेलन/संगोष्ठी आयोजित करता है, जिसमें आयुर्वेदिक निदान एवं उपचार के लिए विचारों का आदान–प्रदान, विचार–विमर्श तथा चिकित्सा संबंधी अनुभव को प्रसारित करना अपेक्षित है। अभी तक क्षार–सूत्र, हृदय–रोग, आयुर्वेदिक शिक्षा, प्रशिक्षण एवं विकास, नाड़ी विज्ञान, आशुकारी आयुर्वेदिक औषधियां एवं तकनीक, शोथहर एवं जीवाणु नाशक आयुर्वेदिक औषधियां, एड्स, थायरॉयड रोग, रसायन तथा वृक्क एवं अन्य मूत्र संस्थानगत रोग, यकृत पैत्तिक एवं प्लीहा रोग, मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य, वातव्याधि, स्थूलता, महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य रक्षा, हृद्रोग निवारण, त्वक् रोगों का उपचार, कैंसर (2), स्वतः रोग प्रतिरक्षा क्षमता संबंधी रोग और बस्तिकर्म विषयों पर 22 सम्मेलन/संगोष्ठियां आयोजित की जा चुकी हैं।

4.5. आयुर्वेद के अध्यापकों एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रीय सम्भाषा कार्यशालाएं :

अपने व्यावसायिक जीवन की शुरुआत कर रहे शिष्यों, कनिष्ठ शिक्षकों एवं युवा वैद्यों का यह आम अनुभव रहा है कि पाठ्यपुस्तकों के विषयों/शीर्षकों पर उनके सामने कुछ ऐसे मुद्दे आते हैं जिनके लिए व्याख्या/ स्पष्टीकरण, परस्पर वार्ता और वैज्ञानिक समझ अपेक्षित है। कुछ महाविद्यालयों में जहाँ अनुभवी एवं योग्य संकायों की कमी है, वहाँ विद्यार्थी आयुर्वेद की अवधारणाओं और उनकी व्यावहारिक उपयोगिता को समझने का लगातार प्रयास करते हैं।

विद्यार्थियों द्वारा बार–बार यह मुद्दा उठाया जाता है और उस पर तर्क दिया जाता है कि कुछ ऐसे विषयों को, जिनकी मौजूदा वैज्ञानिक दृष्टि से व्याख्या नहीं की जा सकती, पाठ्यक्रम/ग्रन्थों (पाठ्यपुस्तकों) से हटा दिया जाए, क्योंकि वे वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिक नहीं हैं।

परन्तु ऐसे निर्णय पर पहुँचने से पहले यह आवश्यक समझा गया कि शिष्यों एवं प्रख्यात विद्वानों तथा अनुभवी वैद्यों में परस्पर बातचीत की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे शंका के ऐसे मुद्दों पर विचार–विमर्श का अवसर मिल सके। यह पाया गया है कि विशिष्ट विषय पर आयोजित संगोष्ठियां उसी विषय पर विचार–विमर्श करने तक सीमित रहती हैं और कई बार समय के अभाव में विद्यार्थियों एवं भागीदारों की शंकाएं दूर करने में असफल रहती हैं। प्राचीन ग्रन्थों के अध्ययन एवं लोगों की स्वास्थ्य रक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से दिन प्रतिदिन के कर्माभ्यास में उसे लागू करने के लिए पेशेवरों में मौजूदा ज्ञान में प्राचीन विचारों के अनुप्रयोग के सम्बन्ध में प्रश्न उठाने की पूरी सम्भावना है।

इस कार्यशाला हेतु इस संहिताओं, निघंटुओं, चिकित्सा ग्रन्थों तथा अन्य पाठ्यपुस्तकों के चुने गए विषयों से शिष्यों से ऐसे प्रश्न आमंत्रित किये जाते हैं जिन पर वे स्पष्टीकरण चाहते हैं। शिष्यों से प्रश्न मिलने पर उन्हें ऐसे आयुर्वेदिक विद्वानों के पास भेजा जाता है, जिन्हें उस विषय का समुचित ज्ञान हो और जो उनकी शंकाओं का समाधान कर सकते हों। प्रश्नोत्तरों को एक पुस्तक के रूप में समेकित करके और वैज्ञानिक विचार–विमर्श के लिए कार्यशाला में वितरित किया जाता है। प्रश्नकर्ताओं और विशेषज्ञों को कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा अभी तक 24 सम्भाषा कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है तथा कार्यशाला में विचार–विमर्श किये गए प्रश्नोत्तरों वाली पुस्तकें तैयार कर उनका विमोचन भी किया जा चुका है।

4.6. 'संहिताओं पर आधारित औषधीय निदान' विषय पर आयुर्वेदिक अध्यापकों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम :

वर्ष 2012 में आयुर्वेद शिक्षा एवं शैक्षणिक संस्थान के स्तरों की जांच के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ और आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित आयुर्वेदिक संस्थानों के सर्वेक्षण में यह पाया गया कि कई संस्थानों में नैदानिक अभिलेखों में दशविध परीक्षा, स्रोतस परीक्षा आदि जैसी सूचना नहीं थी। संहिताओं पर आधारित औषधीय निदान के आयुर्वेद में वर्णित प्राचीन तरीके विलुप्त हो रहे हैं। कई अध्यापकों और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने आयुर्वेदिक निदान के तरीकों की यह कला सीखने में रुचि दिखाई है।

उपर्युक्त विषय को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2013–14 में राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ ने इस क्षेत्र के प्रख्यात विद्वानों द्वारा संहिताओं (ग्रन्थों) पर आधारित आयुर्वेदिक नैदानिक तरीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन उपलब्ध करवाने के लिए एक नया प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया था।

आयुर्वेद हमारे देश की एक स्वदेशी चिकित्सा प्रणाली है और यह भारत में कई सदियों से प्रयोग में है। जनता के लिए उपचार की कई प्रक्रियाएं, चिकित्सा पद्धतियाँ एवं औषधियाँ हैं। बहुत से कर्माभ्यासी या तो अपने पूर्वजों से परम्परागत रूप से ज्ञान प्राप्त करके अथवा स्वयं के अनुभव से आयुर्वेद का कर्माभ्यास कर रहे हैं और स्थानीय लोगों को लाभ पहुँचा रहे हैं। रोगी देख–भाल के क्षेत्र में उन्हें जो ज्ञान एवं कौशल प्राप्त है, उसे युवा वैद्यों को दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, निदान और उपचार में आयुर्वेद के इस ज्ञान की आयुर्वेद की अवधारणाओं के अनुसार ही व्याख्या किये जाने की आवश्यकता है। अभी तक रा.आ.वि. इस प्रकार के 12 प्रशिक्षण कार्यक्रम कर चुका है। वर्ष 2015–16 के दौरान राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ ने ऐसे तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

4.7. आयुर्वेद के स्नातकोत्तर विद्वानों के लिए 'शोध पद्धतियों, पांडुलिपि लेखन एवं आजीविका के अवसरों' पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम :

सामान्य रूप से यह पाया जाता है कि वैश्विक वैज्ञानिक साहित्य में आयुर्वेद की हिस्सेदारी मामूली है अर्थात् आयुर्वेद का योगदान बहुत कम है। प्रतिवर्ष आयुर्वेद में बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर (पी.जी.) और विद्या वाचस्पति (पीएच.डी.) पूरा करने वालों के बावजूद प्रकाशित अनुसन्धान की संख्या नगण्य रहती है। इसका कारण यह है कि आयुर्वेद में किये गए अनुसन्धान का स्तर अच्छा नहीं रहता, जो प्रकाशन के योग्य नहीं होता। यह भी पाया गया कि आयुर्वेद में अच्छे स्तर का अनुसन्धान न किया जाना मूल रूप से आयुर्वेद के स्नातकोत्तर शिष्यों द्वारा अनुसन्धान विषयों की अच्छी जानकारी न होने का परिणाम है। रा0आ0वि0 ने हाल ही में इस अन्तराल को महसूस किया है और आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर विद्वानों के लिए अनुसन्धान विधियों/शोध पद्धतियों, पाण्डुलिपि लेखन और साथ ही आजीविका अवसर संबंधी मार्गदर्शन पर केन्द्रित करते हुए एक विशिष्ट कार्यक्रम तैयार किया है। वर्ष 2015–16 में ऐसे तीन कार्यक्रम लखनऊ, पुणे एवं कोलकाता में आयोजित किये गए।

4.8. प्रकाशन :

विद्यापीठ आयुर्वेद की कुछ ऐसी पुस्तकों का प्रकाशन करता रहा है, जो जन–साधारण में जागरूकता पैदा करती हैं और साथ ही आयुर्वेद एवं संबंध विज्ञानों के विद्यार्थियों तथा पेशेवरों के लिए भी उपयोगी हैं। यह विद्यापीठ, आवश्यक पुनरीक्षा एवं विशेषज्ञ–समिति की संस्तुतियों तथा शासी निकाय से अनुमोदन लेने के पश्चात्, अपने शिष्यों के शोधप्रबन्धों का प्रकाशन भी करता है। रा.आ.वि. ने अभी तक 22 स्मारिकाएं और दो वर्ष के पाठ्यक्रम वाले अपने शिष्यों द्वारा प्रस्तुत शोधप्रबन्धों पर आधारित चार पुस्तकों सहित 10 पुस्तकों का प्रकाशन किया है। सम्भाषा कार्यशालाओं से संबंधित चौबीस प्रश्नोत्तरी वाली पुस्तकों का प्रकाशन भी इस विद्यापीठ द्वारा किया गया है।

रा0आ0वि0 ने 'आयुर्वेद में प्रयुक्त औषधीय पौधे' नामक अत्यधिक प्रशंसनीय पुस्तक का द्वितीय संस्करण भी प्रकाशित किया है। इस पुस्तक में औषधीय पौधों के रूप में 600 नई प्रविष्टियां शामिल की गई हैं और वर्ष 2015–16 के दीक्षान्त समारोह के दौरान इसका विमोचन किया गया था।

5. तकनीकी रिपोर्ट : (वर्ष 2015–16 के दौरान के क्रिया–कलाप)

5.1. वर्ष के दौरान आयोजित बैठकें :

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान शासी निकाय की दो बैठकें तथा स्थायी वित्त समिति की दो बैठकें भी आयोजित की गई थी। विवरण निम्नवत् है :–

(क) शासी निकाय की बैठकें :

वर्ष के दौरान शासी निकाय की दो बैठकें (40$^{वीं}$ एव 41$^{वीं}$ बैठकें) क्रमशः 25 जून, 2015 एवं 9 अक्तूबर, 2015 को आयोजित की गई थी, जिनका ब्यौरा निम्नलिखित है :–

25 जून, 2015 को आयोजित शासी निकाय की 40$^{वीं}$ बैठक :

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :–

1. 'पद्म भूषण' वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा, नई दिल्ली– अध्यक्ष शासी निकाय।
2. श्री अनुराग श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय– पदेन सदस्य।
3. डॉ0 मनोज नेसरी, सलाहकार (आयुर्वेद), आयुष मंत्रालय– पदेन सदस्य।
4. डॉ0 बल्लव कुमार जयसिंह, पुरी, उड़ीसा–सदस्य।
5. वैद्य शिव कुमार मिश्रा, नई दिल्ली– सदस्य।
6. वैद्या (श्रीमती) शशिकला भगवान अहिरे, नासिक– सदस्य।

7. डॉ0 उमा शंकर निगम, मुम्बई–सदस्य।
8. डॉ0 संजय आर. तलमले, नागपुर–सदस्य।
9. डॉ0 संजीव रस्तोगी, सदस्य सचिव एवं निदेशक, रा0आ0वि0
10. श्री राजकुमार, निदेशक, आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली– आमंत्रित सदस्य
11. श्री के. सीतारमण, परामर्शदाता, एन.आई, आयुष मंत्रालय–आमंत्रित सदस्य

शासी निकाय की 40वीं बैठक में लिये गए प्रमुख निर्णय :

शासी निकाय की 40वीं बैठक 25 जून, 2015 को आयोजित की गई थी, जिसमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण संस्तुतियों का अनुमोदन किया गया था :

1. वर्ष 2015–16 के लिए वार्षिक लेखाओं का अनुमोदन किया गया।
2. वर्ष 2015–16 के लिए बजट प्राक्कलन का अनुमोदन किया गया।
3. वात की 'अवरितत्व एवं गतत्व' की अवधारणा की नैदानिक प्रासंगिकता विषय में सम्भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अनुमोदन किया गया।
4. वाराणसी, जयपुर और बैंगलोर में आयुर्वेदिक शिक्षकों के लिए प्रति कार्यक्रम केवल 5 लाख रुपये की बजटीय सीमाओं के अन्तर्गत तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अनुमोदन किया गया।
5. फरवरी/मार्च, 2016 के दौरान नई दिल्ली में केवल 22 लाख रुपये की समग्र अधिकतम सीमा के अन्तर्गत राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं दीक्षान्त समारोह आयोजित करने का अनुमोदन किया गया।

9 अक्तूबर, 2015 को आयोजित शासी निकाय की 41वीं बैठक :

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :–

1. 'पद्म भूषण' वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा, नई दिल्ली –अध्यक्ष शासी निकाय।
2. श्री जी. आर. रैगर, उप–सचिव, नई दिल्ली –पदेन सदस्य।

   (अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रतिनिधि)
3. श्री अनुराग श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय –पदेन सदस्य
4. डॉ0 मनोज नेसरी, सलाहकार (आयुर्वेद) –पदेन सदस्य।
5. डॉ0 राजेश कोटेचा, कुलपति, गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर –पदेन सदस्य

6. डॉ. विजय विश्वनाथ डोईफोडे, पुणे –सदस्य।
7. प्रो0 ए. शंकर बाबू, तिरुपति – सदस्य।
8. डॉ0 (श्रीमती) एच. आर. विजया शेषाद्रि, चेन्नई –सदस्य।
9. वैद्य शिव कुमार मिश्रा, नई दिल्ली – सदस्य।
10. डॉ0 निरंजन सिंह त्यागी, हापुड – सदस्य।
11. डॉ0 संजीव गोयल, चंड़ीगढ़– सदस्य।
12. डॉ. संजीव रस्तोगी, निदेशक (रा.आ.वि.), दिल्ली –सदस्य सचिव
13. श्री राजकुमार, निदेशक, आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली –आमंत्रित सदस्य
14. श्री के. सीतारमण, परामर्शदाता, एन.आई, आयुष मंत्रालय–आमंत्रित सदस्य

शासी निकाय की 41वीं बैठक में लिये गए मुख्य निर्णय :

1. संगोष्ठी के विषय के रूप में 'बस्तिकर्म' अनुमोदित किया गया।
2. शासी निकाय ने रत्नसदस्य (एफ.आर.ए.वी.) और 'लाइफ टाईम अचीफमेन्ट अवार्ड' के चयन के लिए शासी निकाय की उपसमिति गठित करने का निर्णय लिया और उसकी संस्तुतियों को अनुमोदन के लिए शासी निकाय को प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।
3. एक वर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.) अभ्यर्थी की अधिकतम आयु सीमा को संशोधित करके 30 वर्ष तथा सरकार के मानदण्डों के अनुसार आरक्षण के तहत छूट का प्रावधान किया गया।

(ख) स्थायी वित्त समिति की बैठक

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान स्थायी वित्त समिति की दो बैठकें दिनांक 15 जून, 2015 एवं 18 अगस्त, 2015 को स्थायी वित्त समिति के पदेन सदस्यों के साथ आयोजित की गई थीं।

दोनों बैठकों में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :–

1. श्री अनुराग श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय– पदेन सदस्य
2. श्री जी. आर. रैगर, उप–सचिव, (अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रतिनिधि)– –पदेन सदस्य।
3. डॉ0 मनोज नेसरी, सलाहकार (आयुर्वेद), आयुष मंत्रालय – पदेन सदस्य
4. प्रो0 ए. शंकर बाबू, जिला–चित्तौर, (आन्ध्र प्रदेश)–सदस्य
5. वैद्य शिव कुमार मिश्रा, नई दिल्ली– सदस्य।

6. श्री राजकुमार, निदेशक, आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली– आमंत्रित सदस्य
7. श्री सोम दत्त शर्मा, अवर सचिव (एस.डी.एस) आयुष मंत्रालय, दिल्ली–आमंत्रित सदस्य
8. श्री के. सीतारमण, परामर्शदाता, एन.आई, आयुष मंत्रालय–आमंत्रित सदस्य
9. डॉ0 संजीव रस्तोगी, निदेशक, रा0आ0वि0– सदस्य सचिव

स्थायी वित्त समिति की 24वीं बैठक में लिये गए मुख्य निर्णय :

दिनांक 15 जून, 2015 को स्थायी वित्त समिति की 24वीं बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण संस्तुतियों का अनुमोदन किया गया था :

1. समिति ने वर्ष 2014–15 के रा0आ0वि0 के वार्षिक लेखाओं का अनुमोदन किया।
2. चालू वर्ष के लिए बैंगलोर, जयपुर एवं वाराणसी में प्रति कार्यक्रम 5 लाख रुपये की बजटीय सीमाओं में तीन कार्यक्रम आयोजित करने का अनुमोदन किया।
3. 5 लाख रुपये के अनुमोदित बजट की अन्तर्गत वात की 'अवरितत्व एवं गतत्व' की अवधारणा की नैदानिक प्रासंगिकता पर सम्भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अनुमोदन किया गया।
4. फरवरी/मार्च, 2016 के दौरान नई दिल्ली में 'भोजन एवं पोषण का आयुर्वेदिक विज्ञान, सिद्धान्त एवं अभ्यास' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने का अनुमोदन किया गया।

स्थायी वित्त समिति की 25वीं बैठक में लिये गए मुख्य निर्णय :

दिनांक 18 अगस्त, 2015 को स्थायी वित्त समिति की 25वीं बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण संस्तुतियों का अनुमोदन किया गया था :

1. कायचिकित्सा (आंतरिक औषधी) पाठ्यपुस्तक तैयार करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
2. वर्ष 2015–16 के लिए रा0आ0वि0 का विस्तृत व्यय बजट अनुमोदित किया गया।
3. स्नातकोत्तर विद्वानों के लिए पुणे, लखनऊ एवं कोलकाता में तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुमोदित किये गए।
4. रा0आ0वि0 द्वारा एक द्वि–वार्षिक पत्रिका प्रारम्भ करने का अनुमोदन किया गया।
5. रा0आ0वि0 के निदेशक के लिए एक तकनीकी सहायक नियुक्त करने का अनुमोदन किया गया।

5.2. गुरु शिष्य परम्परा :

(क) राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.आर.ए.वी.)

रा.आ.वि. के प्रमाणपत्र पाठ्क्रम के गुरुजनों का चयन :

वर्ष 2015–16 में नए सत्र के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी) पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के उद्देश्य से इस पाठ्यक्रम में गुरुजनों की नियुक्ति हेतु 10 दिसम्बर, 2015 को 'विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय (डी.ए.वी.पी.)' के माध्यम से अखिल भारतीय स्तर पर सभी प्रमुख समाचारपत्रों में एक विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। भावी वैद्यों/विद्वानों से लगभग 70 आवेदनपत्र प्राप्त हुए थे।

प्राप्त आवेदनपत्रों की जांच के लिए रा.आ.वि. के शासी निकाय के अध्यक्ष के अनुमोदन से निम्नलिखित सदस्यों वाले शासी निकाय की एक उपसमिति गठित की गई थी :–

1. **डॉ0 मनोज नेसरी,** — **अध्यक्ष**
   सलाहकार (आयुर्वेद),
   आयुष मंत्रालय,
   'बी' ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लैक्स,
   आई. एन. ए.,
   नई दिल्ली–110 023
2. **वैद्य शिव कुमार मिश्रा,** — **सदस्य**
   पूर्व सलाहकार (आयुर्वेद) भारत सरकार,
   ए–604, टावर अपार्टमैन्ट्स,
   स्वास्थ्य विहार,
   दिल्ली–110 092
3. **डॉ. विजय विश्वनाथ डोईफोडे,** — **सदस्य**
   6, राजश्री अपार्टमेंट्स,
   नीलगिरि लेन,
   बनेर रोड़,
   पुणे–411 007 (महाराष्ट्र)
4. **डॉ0 निरंजन सिंह त्यागी,** — **सदस्य**
   स्वर्ग आश्रम रोड,
   हापुड़–245 101 (उ0प्र0)
5. **डॉ. संजीव रस्तोगी,** — **सदस्य सचिव**
   निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ

उपरोक्त समिति ने आवेदनपत्रों की जांच की और पात्रता एवं मानदण्डों के अनुसार 70 आवेदनपत्रों में से 24 नामों का चयन किया। इसके अतिरिक्त शासी निकाय के सदस्यों द्वारा दिये गए सुझाव के अनुसार कुछ नामों पर भी विचार किया गया था। गुरुजनों के नामों को अन्तिम रूप देने के लिए 12 फरवरी, 2016 को अन्य उपसमिति की दूसरी बैठक आयोजित की गई, जिसमें 38 नाम अनुमोदित किये गए और निरीक्षण रिपोर्टों के बाद विचार किये जाने के लिए 24 नामों को रोका गया था। विभिन्न आवेदकों के स्थानों का निरीक्षण करने के बाद 11 नामों पर विचार किया गया, इस प्रकार 44 वैयक्तिक गुरुजनों और 5 संस्थागत गुरुजनों को शामिल करते हुए कुल 49 गुरुजनों का चयन किया गया है। बाद में चुने गए 1 वैयक्तिगत गुरु ने गुरु पद लेने में अपनी असमर्थता व्यक्त की, अतः निरीक्षण के बाद एक नए गुरु को सूची में लिया गया था। इस वर्ष के लिए सी.आर.ए.वी के लिए सूचीबद्ध गुरुजनों का ब्यौरा निम्नलिखित है :–

क्रमांक	गुरुजनों का नाम एवं स्थान	विषय
1.	डॉ. विजयन् नांगेलिल, कोथामंगलम् (केरल)	अस्थि चिकित्सा एवं मर्म चिकित्सा
2.	डॉ. सी. सुरेश कुमार, त्रिवेन्द्रम (केरल)	अस्थि चिकित्सा
3.	डॉ. रामदास म्हालुजी अवहाड, अहमदनगर (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
4.	डॉ. के. चिदंबरम, कन्याकुमारी (तमिलनाडु)	कायचिकित्सा
5.	वैद्य बी. पी. गुप्ता, दिल्ली	कायचिकित्सा
6.	वैद्य अश्वनी कुमार शर्मा, नई दिल्ली	कायचिकित्सा
7.	वैद्य अच्युत कुमार त्रिपाठी, नोएडा (उ0प्र0)	कायचिकित्सा
8.	डॉ. गुजराती नरेन्द्र नारायणदास, जलगॉव (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
9.	प्रो0 राम हर्ष सिंह, वाराणसी (उ0प्र0)	कायचिकित्सा
10.	डॉ. गंजम कृष्ण प्रसाद, सिकन्दराबाद (तेलंगाना)	कायचिकित्सा
11.	वैद्य परशुराम यशवन्त वैद्य, खड़ीवाले, पुणे (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
12.	वैद्य रवीन्द्र वात्स्यायन, लुधियाना (पंजाब)	कायचिकित्सा
13.	डॉ. धनराज विश्वेश्वर गहुकर, नागपुर (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
14.	डॉ. मधुसूदन देश पाण्डेय, भोपाल (मध्य प्रदेश)	कायचिकित्सा
15.	डॉ. दमनिया पंचाभाई, जूनागढ़ (गुजरात)	कायचिकित्सा

16.	वैद्य जगजीत सिंह, मोहाली (पंजाब)	कायचिकित्सा
17.	डॉ. सी. एम. श्रीकृष्णन्न, त्रिशूर (केरल)	कायचिकित्सा
18.	वैद्य मां अनंतानंद तीरथ, अहमदाबाद (गुजरात)	कायचिकित्सा
19.	डॉ. रमेश आर. वारियर, मदुरई (तमिलनाडु)	कायचिकित्सा
20.	डॉ. ए. बी. शशिधरन नायर,, चंगनचेरी, केरल	कायचिकित्सा
21.	वैद्य जयंत देवपुजारी, नागपुर (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
22.	डॉ. विनय वासुदेव वेलंकर, ठाणे (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
23.	डॉ. रविशंकर पेरवाजे, दक्षिण कन्नड़, कर्नाटक	कायचिकित्सा
24.	डॉ. रघुराज चतुर्वेदी, विदिशा (मध्य प्रदेश)	कायचिकित्सा
25.	वैद्य तारा चन्द्र शर्मा, नई दिल्ली	कायचिकित्सा
26.	वैद्य सुरेश चतुर्वेदी, मुम्बई (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
27.	वैद्य जगदीश्वरी प्रसाद मिश्रा "बंसत", सीतामढ़ी (बिहार)	कायचिकित्सा
28.	डॉ. संतोष भगवानरॉव नेवपुरकर, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा
29.	डॉ. ईश्वर चन्द्र, नांगल (पंजाब)	कायचिकित्सा
30.	डॉ. मुकुल पटेल, सूरत (गुजरात)	क्षारसूत्र
31.	वैद्य देवेन्द्र कुमार शाह, अहमदाबाद (गुजरात)	क्षारसूत्र
32.	डॉ. रमण सिंह, वाराणसी (उ0प्र0)	क्षारसूत्र
33.	डॉ. दिनेश चन्द्र, कुरुक्षेत्र (हरियाणा)	क्षारसूत्र
34.	डॉ. के. वी. एस. रॉव, भिलाई (छत्तीसगढ़)	क्षारसूत्र
35.	प्रो. लालता प्रसाद, बरेली (उ0प्र0)	क्षारसूत्र
36.	डॉ. सतपाल गुप्ता, अंबाला	क्षारसूत्र
37.	डॉ. हेम राज शर्मा, ऊना (हि0प्र0)	क्षारसूत्र
38.	डॉ. आई. भावदासन नम्बूदरी, कन्नूर (केरल)	नेत्रचिकित्सा
39.	डॉ. डी. रामानाथन, (सीताराम फार्मेसी) त्रिशूर (केरल)	फार्मेसी
40.	डॉ. विजय विश्वनाथ डोईफोडे, पुणे (महा.)	फार्मेसी

41.	डॉ. विजय दत्तात्रेय साने, पुणे (महाराष्ट्र)	फार्मेसी
42.	डॉ. एल. सुचरिता, बैंगलोर (कर्नाटक)	स्त्रीरोग
43.	प्रो. प्रेमवती तिवारी, वाराणसी (उ0प्र0)	स्त्रीरोग
44.	डॉ. जयसुख रामजीभाई मकवाना, राजकोट (गुजरात)	दन्त चिकित्सा
45.	डॉ. पी. माधवनकुट्टी वारीयर, (आर्य वैद्य शाला) कोट्टाकल (केरल)	संस्थागत गुरु
46.	डॉ. एन. पी. परमेश्वरन नम्बूदरी (श्रीधरियम) कूटट्टुकुलम, एर्नाकुलम (केरल)	संस्थागत गुरु
47.	वैद्य एस. पी. सर्देशमुख, भारतीय संस्कृत दर्शन ट्रस्ट, पुणे, (महाराष्ट्र)	संस्थागत गुरु
48.	डॉ. पी. आर. कृष्ण कुमार, आर्यावैद्य चिकित्सालयम एवं अनुसन्धान संस्थान, कोयम्बटूर (तमिलनाडु)	संस्थागत गुरु
49.	डॉ. कंदर्प देसाई, (श्रीमती मणिबेन अमृतलाल हरगोवन अस्पताल), अहमदाबाद (गुजरात)	संस्थागत गुरु

(ख) रा.आ.वि.का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम के शिष्यों का प्रवेश एवं प्रशिक्षण :

इस वर्ष के दौरान शिष्यों को प्रवेश देने के उद्देश्य से 13 जनवरी, 2016 को पूरे देश के सभी प्रमुख समाचारपत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। इसके अतिरिक्त सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों को इन विज्ञापनों की प्रतियाँ उनके सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित करने के लिए भेजी गई थी। विज्ञापनों की प्रतियाँ पाठ्य–विवरणिका एवं अन्य नियमावली के साथ सभी गुरुजनों एवं शासी निकाय के सदस्यों को भी भेजी गई थी।

विज्ञापन के प्रत्युत्तर में लगभग 321 आवेदनपत्र प्राप्त हुए और उनकी जांच की गई थी। लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए 321 पात्र अभ्यर्थियों को प्रवेशपत्र जारी किए गए थे, जो 14 फरवरी, 2016 को दिल्ली तथा बैंगलोर के पूर्व अनुमोदित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई थी। दिल्ली केन्द्र में 174 शिष्यों और बैंगलोर केन्द्र में 128 शिष्यों ने परीक्षा दी। दोनों केन्द्रों में कुल 302 आवेदकों ने परीक्षा दी। लिखित परीक्षा के लिए 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों वाला प्रश्नपत्र हिन्दी और अंग्रेजी में तैयार किया गया था। योग्यता के आधार पर कुल 140 शिष्य चुने गए सभी को प्रवेश लेने

हेतु पत्र जारी कर दिये गए थे तथापि प्रवेश लेने के समय की समाप्ति तक केवल 74 शिष्यों ने पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। पहली योग्यता सूची के प्रवेश की तारीख समाप्त होने के बाद प्रतीक्षासूची से 64 और शिष्यों का चयन किया गया ताकि 49 गुरुजनों के लिए शेष स्थानों को भरा जा सके। प्रतीक्षासूची के 64 शिष्यों में से केवल 39 शिष्यों ने पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। इस प्रकार निम्नलिखित 113 शिष्य 42 गुरुजनों के अधीन प्रशिक्षण ले रहे हैं। ब्यौरा निम्नलिखित है :

क्रमांक	गुरुजनों का नाम एवं स्थान	विशेषज्ञता	शिष्यों की संख्या
1.	डॉ. एल. सुचरिता, बैंगलोर (कर्नाटक)	स्त्रीरोग	2
2.	डॉ. आई. भावदासन नम्बूदरी, कन्नूर (केरल)	नेत्रचिकित्सा	2
3.	डॉ. मुकुल पटेल, सूरत (गुजरात)	क्षारसूत्र	1
4.	डॉ. रामदास म्हालुजी अवहाड, अहमदनगर (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा	2
5.	डॉ. के. चिदंबरम, कन्याकुमारी (तमिलनाडु)	कायचिकित्सा	4
6.	वैद्य बी. पी. गुप्ता, दिल्ली	कायचिकित्सा	2
7.	वैद्य अश्वनी कुमार शर्मा, नई दिल्ली	कायचिकित्सा	2
8.	डॉ. रमण सिंह, वाराणसी (उ0प्र0)	क्षारसूत्र	2
9.	डॉ. नरेन्द्र नारायणदास गुजराती, जलगॉव (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा	1
10.	वैद्य अच्युत कुमार त्रिपाठी, नोएडा (उ0प्र0)	कायचिकित्सा	1
11.	डॉ. दिनेश चन्द्र, कुरुक्षेत्र (हरियाणा)	क्षारसूत्र	2
12.	डॉ. के. वी. एस. रॉव, भिलाई (छत्तीसगढ़)	क्षारसूत्र	3
13.	प्रो0 राम हर्ष सिंह, वाराणसी (उ0प्र0)	कायचिकित्सा	2
14.	डॉ. गंजम कृष्ण प्रसाद, सिकन्दराबाद (तेलंगाना)	कायचिकित्सा	1
15.	वैद्य परशुराम यशवन्त वैद्य खड़ीवाले, पुणे (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा	2
16.	प्रो. लालता प्रसाद, बरेली (उ0प्र0)	क्षारसूत्र	1
17.	डॉ. विजयन् नांगेलिल, एर्नाकुलम (केरल)	अस्थि एवं मर्म चिकित्सा	3

18.	वैद्य रवीन्द्र वात्स्यायन, लुधियाना (पंजाब)	कायचिकित्सा	1
19.	डॉ. धनराज विश्वेश्वर गहुकर, नागपुर (महाराष्ट्र)	कायचिकित्सा	3
20.	डॉ. मधुसूदन देश पाण्डेय, भोपाल (मध्य प्रदेश)	कायचिकित्सा	2
